दैनिक जागरण 11/02/2023

# जीएमएन कालेज में लगाया सेमिनार, बजट-2023 पर चर्चा



जीएमएन कालेज में आयोजित सेमिनार में मौजूद प्रिंसिपल डा. रोहित व अन्य। • विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्रबंधन विभाग द्वारा बजट डिस्क्शन 2023 पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इसका शुभारंभ किया। बजट प्रतियोगिता की कनवीनर डा. रवनीत कौर ने सभी का स्वागत किया। प्राचार्य ने बजट के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभाव और उसके बारे में विस्तार से बताया एवं बच्चों को अपने आत्मविश्वास को कैसे बिल्ड करना है। प्रथम पुरस्कार भारती और शिवानी बीएससी नान मेडिकल, द्वितीय पुरस्कार सुहानी और खुशी बीबीए सेकेंड ईयर एवं ध्रुव, तरुण और प्रेरणा बीबीए सेकेंड ईयर को तृतीय स्थान हासिल हुआ। विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। इस दौरान डा. भारती विज, डा. अमिता आदि मौजूद रहे।